प्रैस विज्ञप्ति

राजकीय आईटीआई बैजनाथ में शुरू होंगें सात निःशुल्क अल्पावधि कोर्स

हिमाचल कौशल विकास निगम की तरफ से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण,बैजनाथ में सात विभिन्न ट्रेडस में अल्पावधि कोर्स निःशुल्क शुरू किए जा रहे हैं।

सीनीयर ब्यूटी थेरेपिस्ट, फील्ड टेकनिशियन अदर होम एपलांइसस, आटो मोबाइल सर्विस टेकनिशियन, टेक वेल्डर,प्लम्बर जनरल, टंगस्टन आर्क वेल्डर और प्लाज्मा कटर मेनुअल आदि कोर्स शुरू किए जा रहे है। इन कोर्स के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष तय की गयी है। इनके लिए योग्यता 10वी पास है। इच्छुक व्यक्ति अपने योग्यता प्रमाण पत्र, पासपोर्ट फोटो बोनाफाइड , आधार कार्ड व अन्य प्रमाण पत्रों के साथ 30 मार्च 2021 तक आवेदन कर सकते है। विभिन्न कोर्सस मे 30 सीटें निर्धारित की गयी हैं। जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर भरा जाएगा। कोर्स पूरा व उतीर्ण होने के पश्चात भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। जोकि रोजगार दिलाने मे मददगार होगा।महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

निर्धारित योग्यता के अनुसार ही प्रशिक्षण के लिए आवेदन करें। बैजनाथ आईटीआई में कोर्स से संबन्धित पूछताछ के लिए तथा आवेदन पत्र के लिए कार्यलय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व बैजनाथ के दूरभाष 01894–292399 9418095591 पर संपर्क कर सकते है।

sd/-
प्रधानाचार्य,
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
बैजनाथ जिला कॉगड़ा हि0 प्र0।